THE BIHAR LEGISLATIVE ASSEMBLY DEBATES.

The 21st March, 1938.

Proceedings of the Bihar Legislative Assembly assembled under the provisions of the Government of India Act, 1935.

The Assembly met in the Assembly Chamber at Patna, on Monday, the 21st March, 1938 at 11-30 A.M., the Hon'ble the Speaker, Mr. Ramdayalu Sinha, in the Chair.

SHORT NOTICE QUESTION AND ANSWER.

1. Mr. BIRENDRA BAHADUR SINHA: (*a*) Will Government be pleased to state whether it is a fact that consequent upon, and immediately after, the resignation tendered by the Ministry, orders banning public meetings, processions and even hoisting of the national flag on private buildings, were promulgated by beat of drum in the Gaya town and elsewhere ?

(*b*) Is it a fact that some policemen, while promulgating orders in the town, asked people to put down national flags from private buildings on pain of prosecution ?

(*c*) What was the special occasion for taking recourse to this sort of things in the early part of February last ?

(*d*) Have Government considered, whether the hoisting of the national flag on private buildings has anything to do with public peace and tranquillity and if so, with what results ?

(*e*) Was the order issued under section 30 of the Police Act ?

(*f*) Has it been examined, whether section 30 of the Act contemplates permission for the hoisting of such flag on private buildings and if so, with what results ?

(*g*) Did the hoisting of the national flag over private buildings ever require permission from local authorities ?

(*h*) Have District Executives been empowered to order withdrawal of national flags from private buildings, if so, under what order ?

(*i*) Do Government propose to enquire into the matter thoroughly and take suitable action ?

THE BUDGET—VOTING OF DEMANDS FOR GRANTS.

General Administration.

IRRIGATION AND FLOOD PROBLEM IN NORTH BIHAR (*contd.*).

Khan Bahadur SAGHIRUL HAQQ : Sir, I beg to move :

That the provision of Rs. 35,508 for "Ministers—voted" be reduced by Re. 1

صدر محترم - اس motion کے لئے کي غرض وغايت يه هے که گورنمنٹ همیں بتائے که اُتر بہار میں Irrigation يعني آب پاشي يا چورون کے فاضل پاني کے نکالنے کا کيا بندوبست کر رهي هے نيز يه که اُتر بہار میں سيلاب جو اکثر آيا کرتا هے گورنمنٹ اسکے روکنے کا کيا انتظام کر رهي هے میں گورنمنٹ سے يه کہونگا که يه دونون چيزيں ايسي ضروري هين که انکے متعلق اب تاخير يا ديرکرني بمنزله جرم هوگا ميرے موشن کا پہلا حصه Irrigation کے متعلق هے - يه مضمون اس ايوان کے سامنے سالها سال سے ايا کيا هے - اور اس چھوٹي مدت میں يعني سات آٹھه مہينے کے اندر جب سے اس موجوده Assembly کي زندگي هے مين نے خود دو تين بار اس پر گفتگو کي هے مگر اس وقت تک کوئي نتيجه ان تمام تقريرون اور کوششون کا نہيں نکلا - همارگون نے بھي يه ارادہ کرليا هے که جب تک اس مين کاميابي نه هو برابر عرض کئے هي جائينگے يه امر محتاج بيان نہيں هے که اُتر بہار مين لاکھون ايکر زمين نيچي هے جسکو چنور کہا کرتے هين اور چونکه چورون کے پاني کے نکالنے کا کوئي بندوبست اور سامان نہين هے - ان ميں غله پيدا نہيں هوتا - اور کاشتکارونکو مالگذاري بھي ان زمينون کي ديني پڑتي هے اس لئے ان کو نقصان عظيم هوا کرتا هے - بعض حصه اُتر بہار کے ايسے بھي هين جہاں پر خاص خاص قسم کي جائدادون کے لئے اب پاشي کي ضرورت هوتي هے ان تمام باتون کو پچھلي گورنمنٹ کے سامنے جب پيش کيا گيا تو يه کہا گيا که موجوده Minor Irrigation Act ايسا هے جسکے مطابق کوئي ايسا فايدهمند کام نہين کيا جا سکتا - اسلئے اسکي ضرورت هے که ايسا Irrigation Act جو صوبه کے مناسب حال هو بنايا جائے - اس مين بھي کئي سال ختم هوگئے اور جواب يه ملتا رها که محکمه جات متعلقه سے صلاح اور مشوره کيا جا رها هے - يه بھي کہا گيا که يه وقت طلب معامله هے اور گورنمنٹ کوشش کر رهي هے که دريافت حال کے بعد ايک بل لائے - آخر مين گورنمنٹ کي طرف سے يه جواب ملا که يه ايک ايسا مشکل کام هے

کہ گورنمنٹ اس بل کو نہیں لا سکتي - مگر اتفاق سے اُتر بہار کے رہنے والے ایک صاحب گورنمنٹ کے ممبر ہوگئے چونکہ وہ ان تمام تکالیف سے اُتر بہار والوں کے واقف اور آگاہ تھے انہوں نے بڑي محنت اور جان کاہی کے بعد ایک بل تیار کیا لیکن وہ بل اس وقت تک ہاؤس کے سامنے غور کرنے کے لئے نہیں آ سکا - گذشتہ اگست ستمبر میں بجٹ کے بحث کے موقع پر ہماري موجودہ گورنمنٹ کو اسکے متعلق خیال دلایا گیا تھا کہ اس کام کو جلد سے جلد کرنا چاہئے - جہانتک مجھے یاد ہے سرکار کی طرف سے ہمارے معزز دوست مسٹر جیموت بہان سین نے وعدہ کیا تھا کہ گورنمنٹ اس بل کو جلد سے جلد اس ایوان کے سامنے لائیگی مگر اس وقت تک اسکي کوئی خبر نہیں ملی کہ موجودہ گورنمنٹ نے اس معاملہ میں کہانتک قدم بڑھایا ہے اور کب تک اس بل کو لانے والي ہے قطعہ نظر چنوروں کے problem کے ایک دوسري بات بھي ہے جسکي طرف گورنمنٹ کي توجہ مجھے مبذول کرانی ہے - وہ یہ ہے کہ ہماري طرف بہت سے پئین (pyne) اور نالے پائے جاینگے جو کھیت بنا دیئے گئے ہیں - اگر انکي طرف مناسب قانون کي تحت میں توجہ کي جائے اور وہ صاف کرادے جائیں تو اس سے بھي بہت کچھ فایدہ ہو سکتا ہے -

تیسري بات جو مجھے عرض کرني ہے - جسکی نسبت میں ابتدائي تقریر میں اشارہ کر چکا ہوں وہ یہ ہے اُتر بہار میں بہت سے حصے ایسے ہیں جن میں اکثر جائدادوں کے لئے سیچنے کي ضرورت ہوتی ہے - ہماری طرف دو قسم کی زمینیں ہوتي ہیں - ایک وہ ہے جو بانگر کہی جاتی ہے جسکو ہم clayee کہینگے - وہ clayee soil ایسا ہوتا ہے جس میں جائداد بلا آبپاشي کے نہیں ہو سکتي - میرے ضلع سارن میں خود آپ پائینگے کہ ایک ہی گاؤں میں ایک حصہ بانگر ہے اور دوسرا حصہ کچھ یعنی بالو اور متي ملي ہوئی زمین جس میں آبپاشی کی ضرورت نہیں ہوتی ہے -

مجھے خوشي ہے کہ دکھن بہار کي آبپاشي کے نظم کے متعلق جناب وزیر مالیات صاحب نے اپني اسپیچ میں فرمایا ہے کہ رہٹ tube-well کے ذریعہ آبپاشی کي جائیگی - میں اسپر کوئی رشک نہیں کرتا - مجھے اسکي بڑی خوشي ہے - مگر اسکے ساتھ ہي ساتھ اُتر بہار کو جہاں آبپاشي اور چنوروں کے پاني کے نکالنے کی ضرورت ہے حکومت کو چاہئے کہ فراموش نہ کرے -

مجھے سیلاب یا floods کے متعلق بھی کچھہ کہنا ہے - سیلاب کے متعلق گذشتہ سال اکثر معزز ممبروں نے اپنی اپنی شکایتیں اس ایوان میں پیش کی تھیں اور گورنمنٹ نے یہ وعدہ کیا تھا کہ ایک کانفرنس اسکے متعلق مظفرپور میں منعقد کی جانے والی ہے - جہاں کاشتکار - زمیندار اور experts سب ہی ہونگے اور اس ہاؤس کے ممبران بھی ہونگے اور اس مسئلہ پر بحث ہوگی حسن اتفاق سے مظفرپور میں کانفرنس نہ ہو سکی اور پٹنہ میں ہوئی - کانفرنس کی روئداد معزز ممبروں کو اخبارات کے ذریعہ سے معلوم ہے مگر اسکے بعد یہ راز سربستہ رہا - کچھہ معلوم نہیں ہوا کہ experts کی رائیں حاصل کرنے کے بعد حکومت کیا کر رہی ہے - ہمارا یہ موشن لانا بالکل حق بجانب ہے - کیونکہ ہم اس طرف کے رہنے والے ہیں جہاں سیلاب سے محض یہی نہیں ہوتا کہ ہماری جائداد تلف ہو جائے بلکہ مویشی تلف ہو جاتے ہیں - جانیں تلف ہوتی ہیں اور سب سے بڑی بات یہ ہے کہ سیلاب کے بعد اراضی ایسے پیدا کرتے ہیں جو موت کا بازار گرم کر دیتے ہیں - میں سمجھتا ہوں کہ حکومت اس مسئلہ کے importance (اہمیت) سے واقف ہے اور کسی پر زور تقریر کی اس موقع پر ضرورت نہیں ہے - مگر اسکے ساتھہ ہی ساتھہ حکومت کے کام کرنے کا اصول ایسا ہے جس سے خواہ مخواہ تاخیر ہوتی ہے - جس وقت تک غیر قوم کی (حکومت (alien government) تھی اُس وقت تک تو ہم اسکو چار و نا چار برداشت کرتے تھے - لیکن اپکو سابق گورنمنٹ کی روش اختیار نہیں کرنی چاہئے - اگرچہ یہ وقت طلب مسئلہ ہے ہم اسکو بھی تسلیم کرتے ہیں - مگر اب جہاںتک جلد اپ اس طرف توجہ کریں وہی بہتر ہے -

ان الفاظ کے ساتھہ میں اپنے موشن کو پیش کرتا ہوں اور امید کرتا ہوں کہ حکومت جیسے عام طور پر تشفی بخش جواب دیا کرتی ہے جس پر عمل در امد کم ہوتا ہے - ان در مسائل کے متعلق ویسا جواب نہ دیگی - بلکہ حکومت یہ بھی کہے گی کہ کتنے حصہ میں - Minor Irrigation Bill اس ایوان کے سامنے اتا ہے - اور سیلاب کے متعلق عملی کاروائی کب سے شروع ہوگی -

Mr. PRABHUNATH SINHA:

सभापति जी, मैं गवर्नमेंट का ध्यान इस मोशन की ओर दिलाना चाहता हूं। जिसके सम्बन्ध में अभी मेरे लायक दोस्त खां बहादुर सगीरुल हक

साहब ने सरकार का ध्यान दिलाया है। मैंने पारसाल बजट पर जिस समय general discussion हो रहा था, उस समय तथा उसके पहले मन्त्री द्वारा भी सारन जिले की बाढ़ के सम्बन्ध में गवर्नमेंट का ध्यान आकर्षित किया था। जिसके फल स्वरूप सरकार ने सारन जिले में इस सम्बन्ध में कुछ काम किया है, जिसके लिये मैं सरकार को विशेष कर सरकार के उन सदस्यों को जिनके मार्फत यह काम हुआ है, धन्यवाद देता हूं। लेकिन इसके साथ ही साथ मैं सरकार को यह बता देना चाहता हूं कि उससे (जो काम हुआ है) बाढ़ सम्बन्धी विकट सवाल हल नहीं होते। वहां के बड़े सवाल हरदिया चौर, आदमापुर, रैनो, ताजपुर, कौड़ीमल, कौवल, गरेमा या दूसरे २ बान्ध हैं जो गुठनी से आरम्भ हो कर सरयू के किनारे २ चिरान तक आते हैं। १९०६ के सर्वे सेटलमेंट रिपोर्ट से यह पता चलता है कि गुठनी से चिरान तक सरयू और गंगा के किनारे सारन जिले को बाढ़ से रक्षा करने के लिये बान्ध बना हुआ था, लेकिन धीरे २ बाढ़ के प्रकोप से विनष्ट होता गया और उसकी मरम्मती की ओर न सरकार का और न ज़मींदारों का ध्यान गया, जिससे आज उनके चिह्न भी नहीं दीख पड़ते; और उपरोक्त स्थानों से गंगा और सरयू में बाढ़ आने पर सारन जिले में पानी प्रवेश करता है, जो जिले को साल ब साल तबाह करता रहता है। अभी तक इस सम्बन्ध में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। Flood conference में जो कुछ बातें कहीं गयी थीं उसी के अनुसार गवर्नमेंट ने flood के problem को दो हिस्सों में बांटा है।

पहले हिस्से में यह कहा गया है कि जो immediate काम है और थोड़े रुपये में होने वाले हैं, उनको take up किया जायगा।

उनके दूसरे हिस्से वे हैं जिनमें बड़े २ काम हैं और जिनके लिये लाखों करोड़ों रुपये का सवाल है, वह पीछे consider किया जायगा।

लेकिन सारन ज़िले के problem पहले आते हैं। क्योंकि उनमें बड़ी २ रकमों की ज़रूरत नहीं है। थोड़े रुपये खर्च करने से ही वहां का काम चल सकता है।

Flood Committee ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि सारन जिले को गंगा और सरयू की बाढ़ से बचाने के लिये गुठनी से मांझी तक बान्ध बान्धने की आवश्यकता है और इस काम को करने के लिये उसने सरकार के यहां

सिफारिशें की हैं। अब प्रश्न यह उठता है कि इस बान्ध के बन्ध जाने से गंगा और सरयू के दूसरे किनारे पर रहने वालों की क्या हालत होगी। मैंने सुना है कि इसके लिये U. P. Government से राय पूछी गई है। जैसा मैंने पहले कहा है कि गुठनी से चिरान तक बान्ध मौजूद था यह कोई नई चीज़ नहीं है फिर भी यह सवाल क्यों उठता है, बात असल में यह है कि लोगों के नाम पर बनारस से जो रेलवे लाइन आती है उसको रक्षा का सवाल सब से अधिक सरकारी तथा रेलवे के विशेषज्ञों के दिमाग में है और उसी की रक्षा के लिये सारन जिला के २५ लाख मनुष्यों की रक्षा की बात पीछे रख दी जाती है। मैं यहां सरकारी विशेषज्ञों से यह अर्ज कह देना चाहता हूं कि जहां एक ओर जनता के हित का सवाल हो और दूसरी ओर और किसी के हित का सवाल हो तो उनको जनता के हित की रक्षा करनी चाहिये। क्योंकि वे जनता की कमाई के बहुत बड़े हिस्से का उपयोग करते हैं। उनकी स्थिति जनता के हित के लिये ही है। उनकी (जनता) भलाई का ख़्याल करना चाहिये। रेलवे कम्पनी के घाटे नफे का ख़्याल उनको नहीं करना चाहिये। गवर्नमेंट expert का इन सब बातों को अपने सामने रखकर सलाह देनी चाहिये।

दूसरी बात यह है कि नैनी बांध के लिये सरकार ने अपनी रज़ामंदी दे दी है कि उसको बनवाया जाय। कई expert engineer उसकी जांच पड़ताल कर आये हैं। अगर वह बांध एक डेढ़ मील उत्तर की ओर और आगे नहीं बढ़ाया जायगा तो जितने रुपये इस बांध को बनाने में खर्च होंगे, वे सब बेकार हो जायंगे। इसलिये हम गवर्नमेंट का ध्यान दिलाना चाहते हैं कि अगर नैनी बांध एक डेढ़ मील उत्तर की ओर नहीं बढ़ाया गया तो वास्तव में छपरे से सोनपुर तक की बहुत क्षति होगी।

इसके अलावा सारन के embankment के सम्बन्ध में हम कुछ कह देना चाहते हैं। जो नया बांध सन् १९३४ ई० में बांधा गया था उसमें पानी का निकास नहीं होने की वजह से लोगों की दिक्कतें और बढ़ गई हैं। इस का प्रबन्ध अभी तक गवर्नमेंट की ओर से नहीं किया गया है। मैं कहूंगा कि गवर्नमेंट को उसकी जांच पड़ताल करके लोगों की तकलीफों को दूर करनी चाहिये।

पानी लगे रहने के कारण वहां मलेरिया का प्रकोप होता है। वर्षात में पानी नहीं निकलने की वजह से वहां के लोगों की हालत खराब होजाती है और दिन प्रति दिन उनकी हालत और अधिक खराब हो रही है। इसलिये मैं गवर्नमेंट से यह कहना चाहता हूं कि सरकार को इस पर जल्द से जल्द ध्यान देना चाहिये।

सारन जिले का problem रुपये के लेहाज़ से बड़ा नहीं है। इसलिये मैं गवर्नमेंट का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि मैं कोई ऐसी स्कीम नहीं बनाने को कह रहा हूं जिसमें नदी को train करना पड़े और बड़े २ reservoir बनाने का ज़रूरत पड़े और उसमें करोड़ों रुपये खर्च हों जैसा कि कोसी नदी का सवाल है। हमारे ज़िले में तो लाख दो लाख का सवाल है। इसलिये हम समझते हैं कि गवर्नमेंट इस काम को कर सकती है। ऐसा करने से सारन जिले का problem हल हो सकता है और जो साल ब साल लोगों की तबाही और बर्बादी बढ़ती हो जाती है उसको भी दूर किया जा सकता है।

Mr. RAJENDRA MISRA :

Sir, इस सिलसिले में मैं भी नार्थ भागलपुर का सवाल सरकार के सामने रख देना चाहता हूं। यों तो नार्थ बिहार में बाढ़ की समस्या है ही, लेकिन मेरे ख्याल से नार्थ भागलपुर के लोगों की जितनी तबाही, बर्बादी और परेशानी इससे होती है शायद उतनी किसी और ज़िले में नहीं होती होगी। लेकिन मुझे दुःख है कि गवर्नमेंट का ध्यान अभी तक इस ओर नहीं गया है। इतना ही नहीं इस House में जब कभी भी हमलोग बाढ़ की बात Flood Conference के पहले करते थे तो बार २ यही कह कर सवाल टाल दिया जाता था कि Flood Conference में इन सब बातों पर विचार किया जायगा। हमलोग बड़ी उमोद और बहुत इन्तज़ारी के साथ Flood Conference का रास्ता देख रहे थे। आखिर में यह conference आही गयी। Flood Conference में हर ज़िले के लोग आये थे और हमारे ज़िले के लोग भी। वे सब लोग अपनी २ राय इस conference में पेश कीं। इस सम्बन्ध में हम लोग जो कुछ थोड़ा बहुत suggestions दे सकते थे लिख कर दिये। अभी तक कुछ भी मालूम

नहीं हुआ कि इस सम्बन्ध में क्या २ कार्रवाइयां हो रही हैं। हमारे ज़िले के मेम्बर जो उस conference में गये थे, उनलोगों ने suggest किया था कि कम से कम किसी expert को भेज कर यह तो अन्दाज़ा लगा लिया जाय कि flood रोकने के लिये जो स्कीम बनेगी उसका estimate क्या हो सकता है। Flood Conference में कहा गया था और हमलोग बराबर कहते आरहे हैं कि हमारे ज़िले में रुपये का सवाल उतना बड़ा नहीं है, जितना दूसरे २ ज़िलों में है। Flood रोकने के लिये एक स्कीम तैयार करायी जाय और उसका estimate किया जाय कि कितने रुपये की ज़रूरत है। जब गवर्नमेंट अपनी resources से काम नहीं कर सकेगी तो हमलोग उस तबाही को दूर करने के लिये खुशी खुशी रुपये देने को तैयार होंगे। लेकिन मुझे अफसोस है कि इसके सम्बन्ध में इस मामूली बात के लिये कुछ भी अभी तक सरकार की ओर से नहीं किया गया है। मैं फर भी गवर्नमेंट से यह अनुरोध करता हूं कि एक या दो अनुभवी इंजीनियर वहां भेजे जायें और flood रोकने के लिये एक estimate तैयार कराया जाय।

मैं उम्मीद करता हूं कि इस सवाल को गवर्नमेंट देखेगी और जल्द से जल्द बर्षा बाढ़ की तबाही को रोकने की कोशिश करेगी। इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

Mr. NIRAPADA MUKHARJI : Sir, on this subject we had spoken at length at the Flood Conference with great hopes that we will be able to give some amelioration to the suffering public of North Bihar, not excluding Monghyr. Now I find that every speaker who stands up to uphold the cause of North Bihar forgets the case of Monghyr. Monghyr is a district where, this House should remember, all the rivers, the Gandak, the Kosi, the Kamla, and the Bagmati flow through the northern part and fall into the Ganges in and near about it. Now, in the Flood Conference, a point was raised that the district of Monghyr is the greatest sufferer inasmuch as not the northern part of Monghyr suffers from the ravages of only these rivers but also suffers from the ravages of the Ganges flood. I can quote one pitiable instance, Sir. It is the instance of the Gogri thana and I think also the Bihpur thana of the Bhagalpur district. Every year the *bhadai* crop, one of the most important crops, is destroyed and this is the condition for the last ten years. About two lakh maunds of maize crop are destroyed every year by the Ganges flood, and for the last ten years the people of Monghyr are, as if it were, knocking against stone walls to get this remedied

They are approaching Government from all possible avenues, but up to this time no succour has come to them. Only a *bundh* from Gogri to Latipur will save all this area. Now, they say that there is paucity of funds. The people of the district, or the northern part of the district are prepared to pay for at least half of the cost and still Government is adamant. I, therefore, appeal to Government that they should take into consideration the miserable plight of the tenantry of the Gogri thana. Sir, every year they are called upon to pay rent to the landlord. They are becoming landless, because they are unable to pay rent, and still no action is being taken to preserve their crops. Every year about Rs. 5 lakhs worth of maize crops they lose and they are losing it for the last ten years and still they are called upon to pay their rent in full to the *zamindar*. This is a very hard case and I hope Government will take into consideration the case of Gogri people. Recently, meetings were being held all over the thanas and the northern portion of the district of Monghyr demanding this thing from Government. I, as a representative of North Monghyr (*a voice : North and South both*) do press their claims before Government and I hope Government will take a sympathetic consideration of their claims.

Sir, the Bukhtiarpur thana is being ravaged by the Kosi flood. You will be surprised to hear Sir, that there are villages in that thana where three-fourths of lands have been cut away by the water of the Kosi and the people have become not only landless, but they are even to go without food and shelter during the floods for a period of about four to five months in the year. Now some steps have to be taken to prevent this short of thing. Sir, there is the Bengal and North-Western Railway. This railway is responsible not in inconsiderable way for causing all this misery to the people. For a length of 70 miles there is not a pin hole there in the whole railway line. That embankment is still allowed to exist. That certainly comes within the definition of embankment. But Government, on the advice of experts, who—I am constrained to say, suffer from a defeatist mentality—always advise people to go back to nature and not to disturb nature. Government on the advice of such experts say that they cannot allow a new *bundh* in Gogri or any *bundh* for the matter of that in the Bukhtiarpur thana. I beg to submit that if the accepted theory of Government be "let us go back to nature," then I should demand of Government to get that embankment, that railway embankment, pulled down. If they cannot do that, then they ought at least allow the people to be protected by the raising of new *bundhs*. Now, I hope Government will take a sympathetic consideration of this aspect of the thing. With these few words, I resume my seat.

THAKUR RAMNANDAN SINHA :

माननीय स्पीकर साहब, Irrigation की समस्या जो हाउस के सामने पेश है वह एक ऐसा विषय है जिससे हर एक मेम्बर को कुछ न कुछ दिलचस्पी है। बहुत दिनों से लोगों की यह शिकायत है और आज भी

वही शिकायत इस हाउस के सामने पेश है कि गवर्नमेण्ट वास्तविक रुप में कुछ नहीं करती केवल आश्वासन देती चली आ रही है। यह ठीक है कि last Flood conference के पहले जब कभी भी यह सवाल पेश हुआ तो इस तरह की आशायें दिलाई गई कि कान्फ्रेन्स में सभी समस्याए हल की जायगी। कान्फ्रेन्स आयी और खतम हो गई, और इसे समाप्त हुये इतने दिन गुजर भी गये, लेकिन आजतक गवर्नमेण्ट की ओर से ऐसा कोई भी काम व्यवहारिक रुप में नहीं हुआ जिससे हम लोगों को थोड़ा भी संतोष हो।

बराबर यह कहा जाता है कि रुपये नहीं हैं। यह कहा जाता है कि रुपये की कमी है इसलिए बड़ी बड़ी स्कीमें काम में नहीं लाई जातीं। मैं तो मानता हूं कि हमारे प्रान्त में रुपये की कमी के कारण बहुत से बड़े काम नहीं हो रहे हैं। लेकिन अगर हमारे प्रान्त के ज़मीन्दार भाई थोड़ा रुपया इसमें दें तो मैं समझता हूं कि यह काम आसानी से हो सकता है। मैं उम्मीद करता हूं कि हमारे ज़मीन्दार भाई लोग इसमें हाथ बटावेंगे। लेकिन बहुत से काम ऐसे हैं जिनको हम गवर्नमेण्ट के ऊपर टालना नहीं चाहते हैं।

मुझे तो बड़ा ही आश्चर्य्य होता है कि सन् १९२६ ई० से ही जब कि मैं विधान कौन्सिल का मेम्बर था मैंने इस के सम्बन्ध में बहुत से सवाल किये और गवर्नमेन्ट की तरफ से मुझे चन्द बार assurance भी दिये गये कि Minor Irrigation और Private Irrigation Acts में सुधार किया जायगा लेकिन आजतक वह काम पूरा नहीं हुआ। खैर, इसके लिये मुझे विशेष आश्चर्य्य नहीं है। चूंकि पहले की सरकार कुछ और ही ढङ्ग की थी लेकिन अब तो सब बात बदल गई है। अगर अभी भी वही रवैया रहा तब तो दुख जरुर होगा। मेरा तो यह ख्याल है कि अगर Minor or Private Irrigation Acts में संशोधन हो जाय तो जो किसान और बड़े बड़े खेतिहर हैं उन सबों को बहुत ही फायदा होगा।

हमारी तरफ सीतामढ़ी सबडिविजन में बहुत सी छोटी छोटी नदियां हैं जिनमें Dams with sluice gate लगाकर गवर्नमेण्ट irrigation का काम चला सकती है और चौरों का drainage कराकर किसानों

को बहुत दूर तक लाभ पहुंचा सकती है। अगर सरकार इसके लिये तत्पर हो जाय तो इन सब कामों में जो खर्च होगा, इसका बहुत सा हिस्सा वहां के जमींन्दार और गृहस्थ instalment के रूप में वहन करने के लिये तैयार हो जायेंगे। ऐसी हालत में जरूरत इस बात की है कि गवर्नमेंण्ट अपने अफसरों को भेजकर तहकीकात करावे और छोटी मोटी स्कीमों को काम में ला कर सभी के कष्ट को दूर करे। गवर्नमेण्ट इस काम को आसानी से कर सकती है। मैं समझता हूं कि इस काम के खर्च के लिए गवर्नमेण्ट को Agricultural Tax के लिए wait करने की ज़रूरत नहीं है इस काम को तो वह loan लेकर कर सकती है और पीछे दस बीस वर्ष में instalment द्वारा लोगों से खर्च वसूल कर सकती है। इसमें गवर्नमेण्ट का कोई विशेष खर्च नहीं है। मैं समझता हूं कि इस काम को जमींन्दार तथा किसान दोनों पसन्द करेंगे। मैं यह कोई अपना ख्याल नहीं जाहिर कर रहा हूं; बल्कि उन लोगों का विचार जाहिर कर रहा हूं जो आज कई वर्षों से तबाह हो रहे हैं। मैं समझता हूं अगर यह काम हो जाय तो बहुत अच्छा होगा और देहात के लोगों की वास्तविक भलाई होगी।

मेरे सीतामढ़ी सबडिविजन में गवर्नमेण्ट ने कुछ साल पूर्व एक Engineering staff भेजा था और जहां तक मुझे खबर है उसने चौर और नदी नाला को नाप जोख करने में लगभग तीस हजार रुपये खर्च किये लेकिन उसका कोई फल नहीं हुआ। गवर्नमेंण्ट के पास उसकी रिपोर्ट अवश्य होगी और वह आसानी से उसको देख सकती है। अगर Minor और Private Irrigations Act में जो defects हैं, हटा दिये जाये तो पहली Reports के आधार पर बहुत सा काम चालू किया जा सकता है।

हमारे यहां सितामढ़ी सबडिविजन के लिये बागमती स्कीम गवर्नमेण्ट के यहां बहुत दिनों से तैयार पड़ी है। सन् १८२६ ई० में जब मैंने जांच की थी तो मालूम हुआ था कि इसमें करीब ४५ लाख रुपये खर्च होंगे। इसकी लम्बाई लगभग ५०० मील है। मैं समझता हूं कि अगर गवर्नमेंण्ट थोड़ा भी इसपर ध्यान दे तो सीतामढ़ी और सदर सबडिविजन के लोगों का इससे बहुत बड़ा कल्याण हो सकता है।

आज अगर आप देहातों में जाइए तो आपको यह चिल्लाहट सुन पड़ेगी की मालगुजारी माफ होनी चाहिए, कर्ज कम होना चाहिए। लेकिन हम तो कहेंगे और जैसा पहले भी कहा है और आज भी कहने को तैयार हूं कि जब तक जमीन की fertility नहीं बढ़ेगी तब तक केवल थोड़ा सी मालगुजारी माफ करने से किसानों को वास्तविक भलाई नहीं हो सकती है। अगर जमीन उपजाऊ हो जाय और दस मन के बदले २० मन उपजने लगे तब तो किसान बजाय ५) के ७।) रुपया भी देना खुशी से पसन्द करेंगे।

एक बात मुझको और अर्ज करनी है वह यह है कि जब हमलोग देहातों में जाते हैं तो यह बतलाना पड़ता है कि हमलोग Assembly में आकर उनके (किसानों) के लिए क्या क्या कर रहे हैं। इसलिए हमको आशा है कि हमारे प्रधान मंत्री साहब हम लोगों को कोई ऐसा संतोषजनक उत्तर देंगे जिससे हम लोग खुश हो कर जांय और देहातों में जाकर लोगों से कहें कि तुम्हारी जमीन की आबपाशी के लिये सरकार अमुक अमुक काम करने जा रही है। अब मुझे इस विषय में विशेष कुछ न कहकर Prime Minister से एक बार और अपील करनी है कि वह हम लोगों के व्यावहारिक कठिनाईयों पर विचार कर Irrigational facility सम्बन्धी एक सन्तोषजनक घोषणा करें।

Mr. RAMASHEWAR PRASHAD NARAYAN SINHA :

सभापति महोदय, मैं खां बहादुर सगीरुल हक़ साहब को इसके लिये धन्यवाद देता हूं कि उन्हों ने गवर्नमेण्ट का ध्यान बाढ़ और सैलाबों के मसलों की ओर आकर्षित किया है। बाढ़ से जो दुर्गति इस प्रान्त की होती है उसपर काफी तौर से बहस बाढ़ सम्मेलन में मौजूदा गवर्नमेण्ट के आने के बाद हो चुकी है। इसलिये अब यदि कोई कहे कि बाढ़ से जो लोगों को तकलीफें पहुंचती हैं उनकी वाकफियत सरकार को नहीं है तो यह उसकी ढिठाई होगी। बाढ़ सम्मेलन में लोगों ने इस समस्या पर काफी प्रकाश डाला है और इस मसले को हल करने की भी काफी कोशिशें की गई हैं। किन्तु अर्थ सचिव की बजट स्पीच के उस अंश को पढ़ कर मुझे आश्चर्य हुआ जहां उन्हों ने यह समझाने की कोशिश की है कि चूंकि बाढ़

सम्मेलन मे सब लोग एक साथ नहीं हो सके और आपस में मतभेद था इसलिये बाढ़ सम्बन्धी किसी भी स्कीम (scheme) को कार्य रूप में परिणत करना नामुमकिन हो गया है । मैं बड़े अदब के साथ सरकार को सचेत करना चाहता हूं अर्थ सचिव तो मौजूद नहीं हैं मगर प्रधान मंत्री साहब मौजूद हैं कि यह मसला बहुत अहम है। इसमें करोड़ों रुपये का खर्च तो जरूर है किन्तु यदि बाढ़ के मसले को हल करने का विचार है तब petty schemes को तो हम काम में ला सकते हैं। यह मैं मानता हूं की कोई भी वृहत स्कीम जो बनेगी उसमें तो पूरा समय अवश्य लगेगा। इस लिये मेरी अर्जी यह है कि तत्काल के लिये हम छोटी स्कीमों को ही लें जो कम खर्च मे साध्य हो सकें ।

छोटे छोटे कामों को यदि जल्द शुरू कर दिया जाय तो उत्तर बिहार के कुछ अंशों में जो दिक्कतें हैं उनको हम हल कर सकते हैं। उदहारण के लिये आप चौरों के ड्रेनेज (drainage of chaurs) को ही ले लें। Drainage of chaurs के मसले को हल करने की बात तो बहुत दिनों से चल रही है एवं इसके मुतल्लिक पैमाइशें भी कहीं कहीं हो चुकी हैं, इस मद में काफी रुपये खर्च हो चुके हैं। हमारे मित्र बाबू दीप नारायण सिंह से मुझे मालूम हुआ है कि मुजफ्फरपुर जिले के सदर एवं हाजीपुर सबडिविजनों में जितने चौर हैं उनकी पैमाइश आज कई वर्षों पहले हो चुकी थी एवं पानी निकालने (drainage) की स्कीम तैयार हो चुकी थी; किन्तु उसे कार्य रूप में परिणत नहीं किया गया। मेरे विचार में तो आता है कि इस काम में अब हमें सुस्ती नहीं करनी चाहिये।

हाजीपुर सबडिविजन का सवाल तो और भी टेढ़ा है। बाढ़ सम्मेलन मे जो भाषण बाबू दीप नारायन सिंह ने दिया था उसमें उन्हों ने कहा था कि हाजीपुर सबडिविजन को हम बिहार का सहारा (Sahara) कह सकते हैं और बात भी ठीक ही है। इस सबडिविजन में बाढ़ के साथ सिंचाई के मसले को भी हमें हल करना पड़ेगा नहीं तो इस इलाके के किसानों की हालत क्या होगी, इसे हम सोच भी नहीं सकते हैं। इस इलाके में कई छोटे २ नाले एंव नदियां थीं जो अब सूख गई हैं। इन सोतों को यदि फिर से खुदवा कर उनके सिल्ट (silt) को साफ

करवा दें तो इसके द्वारा दोनों ही काम यानी पानी निकालने (drainage) एवं आबपाशी (Irrigation) का भी काम हो सकता है। किन्तु अभी तक तो मेरे सामने एक भी ऐसी स्कीम नहीं है। बाया नाला स्कीम (project) के विषय में बहुत दिनों से सुन रहा हूं, खुशी की बात है कि हाल में भी इसके मुतल्लिक जांच पड़ताल हुई है किन्तु यह मालूम नहीं कि यह काम कब तक शुरू होगा।

यह मैं मानता हूं को कोई भी काम करने के लिये समय चाहिये। किन्तु मेरा मतलब तो यह है कि जहां सोलह आने फ़ायदा पहुंचाने में देर होने की सम्भावना हो वहां एक या दो आने फ़ायदा कम से कम समय में पहुंच सके इसका प्रयत्न तो अवश्य करना चाहिये। अगर सूबे के सभी जिलों में हमें छोटे २ कामों को भी शुरू करने में दिक्कत हो तो कम से कम इने गिने स्थानों में ही हम पहले इन कामों को शुरू करें। पहले की सरकार की नाईं केवल आश्वासन देने से वर्त्तमान सरकार अपनी जवाबदेही से बरी नहीं की जा सकती है, क्योंकि वर्त्तमान सरकार तो जनता की भलाई करने को ही यहां आई है एवं वर्त्तमान सरकार को यह दिखा देना चाहिये कि पहले की सरकारों से इसकी तुलना नहीं की जा सकती है।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं सरकार का ध्यान बाढ़ एवं आबपाशी के अहम मसलों की ओर आकर्षित करता हूं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि सरकार इस विषय की महत्ता को समझ कर पूरी दिलचस्पी के साथ इन कामों को आगे बढ़ायेगी।

Mr. GORAKH PRASHAD:

सभापति जी, मोतिहारी में सिकरहना नदी है जो गंगा जी में मिलती है। जिले में एक चौर है जिसमें पानी जमा रहता है। एक section के ऐसे लोग हैं जिन्हें शिकार खेलना अच्छा लगता है और इस वजह से उनको इस चौर में पानी का जमा हो जाना अच्छा मालूम होता है मगर इसका नतीजा यह होता है कि हज़ारों रुपये का नुकसान होता है और सैकड़ों रैयत बिना खेत हो जाते हैं। मेरा ख्याल है कि इस पर किसी का ध्यान जल्दी नहीं जाता है। हथुआ राज की जमींदारी है और हथुआ राज का ध्यान इसकी तरफ आकर्षित करने की कोशिश मैं ने किया है

लेकिन अफसोस की बात है कि आज तक हमें कोई जवाब नहीं मिला। सिकरहना के किनारे एक गांव पटजिरवा है जहां सिकरहना का एक सोता बांध तोड़ कर सैकड़ों मकानों को तबाह करता है। वहां के लोग तो इतना तक कहते हैं कि बाढ़ के रोकने के लिये खर्च की जितनी जरूरत होगी हमलोग देने के लिये हैं लेकिन स्कीम तो सरकार को ही बनानी पड़ेगी। सरकार की एक्सपर्टों की राय (expert opinion) जमा करनी होगी। स्कीम तैयार करनी होगी पर जो खर्च लगेगा उसको वे लोग देने के लिये तैयार हैं। अगर यह काम किसी तरह से हो जाय तो इतने हो के वास्ते हमलोग बहुत शुक्रगुजार होंगे। उत्तर की ओर सैकड़ों गांव हैं जहां पर बाढ़ आ जाने से हर साल दिक्कत हो जाया करती है और न रबी होती है न भदई होती है। इसलिये मेरा ख्याल है और मेरी गुज़ारिश है एक डिपार्टमेण्ट गवर्नमेण्ट जल्द से जल्द खोल देवें जो कि इस काम का जिम्मा ले।

सारन जिले में तीन नदियां हैं जो सोनपुर में मही के साथ मिलती हैं और मही के साथ हो कर गंगा में गिरती हैं। इन नदियों से हो कर पानी बहा करता था मगर अब sluice gate लगा दिये गये हैं जो हमेशा बन्द रहते हैं। जिस वक्त जरूरत होती है उस वक्त दरखास्त दी जाती है तो सरकारी अफसर सुनते ही नहीं हैं और जब तक सुनते हैं तब तक सब कुछ दह बह जाता है। इस वास्ते मैं कहूंगा कि ऐसी ऐसी छोटी छोटी तकलीफों को रफा करने के लिये, sluice gates को जल्दी खोलने और बन्द करने के लिये बाढ़ को रोकने के लिये, पानी को निकालने के लिये सरकार का एक अलग डिपार्टमेण्ट खुलना चाहिये क्योंकि sluice gate के जल्दी न खुलने से नदी से पानी आना जाना रुक जाता है जिसकी वजह से channels वगैर भरता जाता है और भर जाने से किनारे किनारे के जो मवाज़ियात हैं उन मवाज़ियात से पानी नहीं निकलता है। फसिल को नुकसानी होती है जिस से तकलीफ बढ़ जाती है। इस वास्ते मेरी गुजारिश है कि गवर्नमेण्ट जल्द अज़ जल्द एक डिपार्टमेण्ट खोले जो इन छोटे छोटे कामों को किया करे।

Mr. RAM CHARITRA SINGH: Mr. Speaker, last time, at the time of budget discussion, a large section of the House rose up and discussed the question which has been so interestingly discussed just now. If you will take some trouble to find out the budget discussion on Irrigation, you will find that the hon'ble Irrigation Secretary told the House, and the Hon'ble Minister also said that all these questions will

be discussed at a flood conference which was to meet at Muzaffarpur. We all waited for a very long time to see how far we would be able to solve this problem in that conference. That conference came, Sir, and to our great surprise we found that the Government ranged a set of experts with 'no *bundh* bullets' against us in that conference. A cry was raised on behalf of these experts that we should return to nature, that there should be no *bundhs*; we discussed that question in the conference and after much discussion we passed a resolution. That resolution gives everything and does not give anything. That was the result of that flood conference. However, we hoped that at this time of the budget session we would have a definite answer from Government on that issue. When reading the speech of the Hon'ble Finance Minister read by the Leader of the House, I tried to find out, whether, there was any definite answer to this House in respect to that demand which we have been putting forward from year to year. I found the same vague answers. In the flood conference we discussed and examined all these things. The question is, whether we are to wait so much to examine a question. It may be true that *bundhs* may be a big problem and may require a long time to plan. Irrigation may require longer time, but drainage does not require so much time. That question should have been taken up by Government seriously and Government should have at least gone so far as to collect data and materials and to send experts to every part of the province to prepare a scheme and they should have started the work in no time. This question was discussed by all sections of the House. This question deals with the life of the whole nation. After that discussion I thought that expert engineers would be sent out to examine the schemes. We expected that Government should have sent Engineers to go round and see for themselves how far this question could be solved. Some members have suggested that Government should spend money on these schemes but I am opposed to it. I suggest that Government should borrow money for these schemes if it has not got the money and realise this money from the people. That is the safest course and Government will not find any difficulty in finding funds. This should be the right policy of Government. Whenever I go to my constituency, I am bothered and plagued by the people who come to me and say that this scheme will cost a small amount. I cannot answer them when they ask me what I have been doing for them for irrigation. If a small amount of money is spent and a *nullah* is cut down every year a large acreage will become cultivable. Government have not clearly laid down any policy and, therefore, my task has also become difficult. Every member of this House will find the same difficulty. Government have been in office for over six months but still we have not been able to know the policy the Government is going to follow. I ask Government to make clear its position. I ask Government to send their experts about to meet the members and collect data and have a scheme ready so that Government will take up the work at once. We want that Government will give us a definite answer so that the members may return with a definite answer and they should go to the people and tell them that they will have irrigation, they will have drainage and Government is determined to give them *bundhs* to protect their life and property.

One word more, Sir, and I have finished. I find from the speeches that there is an idea that irrigation work can only be done on the southern side of the province. The old Government, have neglected the northern side of the province. I must tell you that the northern side requires as much irrigation as the southern side. The reason perhaps is that there is generally paddy land on this side which requires larger amount of water. I tell you that the fertility of the soil in North Bihar will increase by 20 to 30 *per cent* if irrigational facilities are given. I can tell you, Sir, that if drainage scheme is taken up which will drain off water quickly, the acreage of cultivable land will increase and the fertility of the soil will improve. I think Government should take up this work seriously and will give definite under taking that they are going to move in the matter so that we may be able to tell the people that we are going to do something to improve their lot.

Mr. JAMUNA KARJEE:

जनाब सदर, इसमें शक नहीं की बाढ़ और आबपाशी का मसला एक बहुत ही अहम मसला है। हमारी उत्तर बिहार में बाढ़ का सवाल तो हमारे किसानों के लिए जीवन मरन का सवाल है। खास कर हमारे दरभंगे जिले के किसान इससे बहुत तबाह हो रहे हैं। खेती हमारे यहां की प्रधान जीविका है। किसान खेत जोतते हैं तैयार कर बीज डालते हैं पर बाढ़ के कारण फसल नष्ट हो जाती है। इससे किसानों की बहुत बड़ी तबाही हो जाती है।

जो कट मोशन हमारे सामने आया है उसमें दरभंगा जिले का खास जिक्र किया गया है। बात तो दरअसल यह है कि उत्तर बिहार के प्रायः सभी जिले और सभी जगहों में यह मसला एक समान है। लेकिन अभी दरभंगा की हालत बड़ी खतरनाक हो रही है और वह कोसी नदी के कारण। कोसी नदी जो अभी सुपौल सबडिविजन होकर बहती है अब दरभंगा से लेकर मधेपुर और बहेड़ा थाना की ओर बढ़ रही है। कोसी कैसी खतरनाक नदी है यह सभी जानते हैं। एक बार ३०, ४० मील छोड़ कर हट जाती है और वहां के लोगों को तबाह करती है। इसलिए कोसी नदी के सवाल की जांच करना बहुत जरूरी है और मैं उम्मीद करता हूं कि गवर्नमेंट इधर ध्यान देगी। साथ ही साथ कमला, गंडक और जीवछ आदि नदियों का सवाल कम अहम नहीं है। साल के कई महीनों में हमारे जिले के बहुत हिस्से समुद्र की तरह मालूम पड़ते हैं जिससे लोगों को बहुत ज्यादा नुकसान होता है। फसल मारी जाती है जिससे वहां के लोग तबाह हो रहे हैं।

कमला नदी की दो धाराएं हैं एक तो नई धारा है और दूसरी पुरानी धारा है। पुरानी धारा बेनीपट्टी से ही कर जाती है। दो मील तक यह धारा जो मर सी गई है अगर जिला दी जाय तो इससे कमला का पानी दो तरफ बट जायगा और लोगों के कष्ट बहुत कुछ कम हो जायंगे। बाढ़ को रोकने में करोड़ों रुपयों की दरकार है। मैं ऐसे आदमियों में से नहीं हूं जो यह समझ बैठे हैं कि कांग्रेस सरकार जादूगर की लकड़ी के सहारे तुरन्त बाढ़ को रोक सकती है। पर मैं यह जरूर चाहता हूं कि हमारी सरकार इस मामले में अपनी रफ्तार कुछ जोरों से बढ़ाये।

मैं समझता हूं कि सरकार इसके लिये सोच रही है। मैं समझता हूं कि इस मामले में सरकार को कुछ शीघ्रता करनी चाहिये।

Thakur RAMNANDAN SINHA:

गवर्नमेंट सोच समझ कर न हुक्म देगी?

Mr. JAMUNA KARJEE:

मैं तो समझता हूं कि ठाकुर रामनन्दन सिंह गवर्नमेंट को कोई मंत्र या तरकीब बतलावेंगे जिससे कि सोचने विचारने की जरूरत न हो। लेकिन मैं जानता हूं कि ऐसी बात सम्भव नहीं है और ऐसा हो जाय तब तो आज इतने बहस मोबाहसे (discussion) की भी जरूरत न होती।

इसके साथ ही साथ मैं गवर्नमेंट से कहूंगा कि बाढ़ कांग्रेस हुई। कांग्रेस के पहले लोगों को आशा थी कि वहां लोग कुछ ऐसे नतीजे पर पहुंचेंगे जिससे सचमुच बाढ़ रोकने के सम्बन्ध में कुछ ठोस कार्रवाई होगी दूसरी बात यह है कि गवर्नमेंट को experts की राय से बहुत मोहब्बत है पर मैं तो समझता हूं कि experts के दिमाग ठीक नहीं होते हैं। इस लिये वे ठीक राय नहीं दे सकते हैं। Experts जल्दी किसी नतीजे पर नहीं पहुंचते और बड़ी देर लगा देते हैं जिससे कोई मसला हल होने के बदले जटिल ही होता जाता है।

Dr. Sir GANESH DUTTA SINGH: May I know, Sir, whether he suggests that experts should not be consulted and the Member's advice should be followed in all matters.

Mr. JAMUNA KARJEE:

जी हां, सर गणेश दत्त सिंह तो experts के हामी हैं पर मैं तो यह कहूंगा कि experts की राय ली जाय तो बर्षों तो इसी में लगेंगे पर तोभी वे लोग किसी नतीजे पर नहीं पहुंचेंगे। बस, इसके अलावे मुझे और कुछ नहीं कहना है।

Mr. CHANDRESHVAR PRASHAD NARAYAN SINHA : Sir, it has been very refreshing this afternoon to find that the House, once for all, has been rather unanimous in its opinion about the lethargy that the Government has adopted in the matter of dealing with the irrigation system of this province. I want to assure the hon'ble friends of mine who have taken part in this debate that Governments' of whatever kind they may be, are more or less of the same nature. (*Hear, hear.*) I will ask you my friends that they should not have much faith in Governments, of whatever type they may be. Their promises are as illusory as the promises of the Princes described in the Arabian Nights. (*A voice*—What about *zamindar's* promises)? *Zamindars*? if their promises, cannot be relied upon let him understand that Government is only a magnified form of *zamindari*. Whatever it may be, undoubtedly, there seems to be something very seriously wrong with even the present system of Government. It is obvious that although in most unmistakable terms, the House, the chosen representatives of the people, had clearly expressed their opinion on this object and on the expression of that public opinion the Government had given certain assurances, it is also clear that those assurances have not been brought into effect. It is also clear that the House does not seem to be in a mood of tolerating things of this kind. But let me tell them that if we merely assume the roll of petitioners to the Government they will not listen to us. If you will only help me, I promise you, I can get that Government to take action at the earliest opportunity but you will have to forget the roll of mere petitioners. They gave you assurances but they have not carried out those assurances. Here is an occasion, let us put a clear verdict before the House for what we feel, let us record it through our votes.

Mr. PRABHUNATH SINGH : That we are not going to do.

Mr. CHANDRESHVAR PRASHAD NARAYAN SINHA : You may not do that, I only feel sorry for you. I had started feeling within myself that here, after all, is a set of bold people who have taken courage in their hands and they are prepared in the interest of the people to call a spade a spade and therein lies the character of the people. It is not refreshing to me to hear that what you feel you are not prepared to do.

Mr. JAMUNA KARJEE : Don't forget the Government of India Act and our limitations.

